आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.05.2025 समय : 1905

- मुंबई में चल रहे वेव्स–2025 का आज समापन हो गया।
- सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सज्जन बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है।
- निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ई सी आई एन ई टी की शुरूआत करेगा।
- शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में स्कूली छात्रों के लिए समर हॉबी क्लासेस का आयोजन।

<><><><><><><>

मुंबई में चल रहे वेव्स–2025 आज समापन हो गया। अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था।'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज' टैगलाइन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रयास था। आयोजन में नब्बे से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सर्जक बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है। वे आज मुंबई में वेव्स के दौरान आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री जाजू ने कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–सी आई सी में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि सरकार सी आई सी के सभी विजय संगीतकारों को भविष्य के अंतर्राष्ट्रीय दौरों और प्रदर्शनों के लिए शामिल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेव्स ने ऐसे समय में ऐसी अनूठी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद की है, जब भारत में ऐसे पेशेवर बैंड की कमी है, जो वैश्विक मंच पर भारत के सार को प्रदर्शित कर सकें।

<><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित भारत की पहली दो जीनोम संपादित चावल किस्मों को जारी किया। कृषि मंत्री ने कहा कि आज

का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इन दो किस्मों से उत्पादन लागत में कमी आएगी और देश में चावल की पैदावार बढ़ेगी।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अंडमान निकोबार साइक्लिंग टीम भाग ले रही है। छह से आठ मई तक चलने वाले इस यूथ गेम्स में द्वीपसमूह के सात साइकिल चालक और दो अधिकारी शामिल होंगे। वे आज नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस वर्ष चार साइकिल चालकों का चयन वाइल्ड कार्ड एंट्री के जरिए किया गया है और तीन खिलाड़ियों का चयन सीधे एन एस एफ से किया गया है।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ई सी आई एन ई टी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा चालीस से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने नॉर्थ–बे, मिनी बे, मिठाखड़ी और बाम्बूफ्लैट के गांवों में स्थित चार सौ तिरानबे हेक्टेयर सरकारी भूमि के लिए भूमि बहाली आदेश जारी किया है। यह भूमि, जो पहले अंडमान प्लांटेशन को दी गई थी, अब सरकार के राजस्व खाते में वापस आ जाएगी। यह आदेश पिछले पन्द्रह वर्षों से न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर जिला प्रशासन द्वारा लड़े जा रहे एक लंबे समय से लंबित कानूनी लड़ाई का समापन है। प्रशासन के लगातार प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक भूमि संपत्ति का पुनः दावा किया गया है। बहाली आदेश के अनुसार, दक्षिण अंडमान के उपायुक्त ने श्री विजया पुरम और फेरारगंज तहसीलों के तहसीलदारों को भूमि रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया है ताकि भूमि की बहाल स्थिति को दर्शाया जा सके। यह निर्णायक कार्रवाई सरकारी भूमि की सुरक्षा और भूमि शासन में उचित रिकॉर्ड प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग, श्री विजयपुरम के सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में तेरह मई से सत्रह जून तक कक्षा तीसरी से आठवीं तक के स्कूली छात्रों के लिए समर हॉबी क्लासेज का आयोजन करेगा। यह एक महीने का कार्यक्रम प्रतिभागियों में समृद्ध भारतीय संस्कृति और कलाओं की समझ को विकसित करेगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को संगीत, नृत्य, चित्रकला और शिल्प के क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। शिविर प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर इंटरैक्टिव पाठों, प्रत्यक्ष प्रदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से आकर्षक सत्र आयोजित करेंगे। इच्छुक छात्रों या अभिभावक को सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण कल से शुरू होगा।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने वार्ड समुदाय की क्षमता बढ़ाने के लिए, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएँ तथा नगरपालिका परिषद के सहयोग से हाल ही में शादीपुर के सामुदायिक सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपात स्थितियों और आपदाओं से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। कार्यक्रम में भूकंप, भूस्खलन और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों सहित आपदा के दौरान एक आपातकालीन किट ले जाने के महत्व के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बुनियादी चिकित्सा ज्ञान और प्राथमिक चिकित्सा किट के महत्व पर जोर दिया। डॉक्टर ने सी पी आर और आपातकालीन स्थितियों में तत्काल चिकित्सा पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अग्निशमन विभाग ने घरेलू आग बुझाने की तकनीकों का प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत निदर्शन की सराहना की। वार्ड पार्षद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह एक मूल्यवान पहल है, जो स्थानीय समुदाय को लाभान्वित करेगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सहित श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के कर्मचारी तथा क्षेत्र के अस्सी से अधिक लोग शामिल थे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने पुलिस विभाग के सहयोग से हाल ही में ग्राम पंचायत सिप्पीघाट के सामुदायिक सभागार में महिला सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनकी कानूनी अधिकारों, सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा उनकी सुरक्षा से जुड़े जानकारी उपलब्ध कराना तथा सशक्त बनाना था। पुलिस विभाग ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न तथा साइबर अपराध से निपटने में कानून की भूमिका पर ज़ोर दिया। पंचायत सचिव आशीष शेखर ने महिलाओं

के लिए सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने के महत्व पर अपने विचार सांझा किए। आई सी डी एस फरारगंज की मुख्य सेविका मेमूना ने लड़कियों और महिलाओं के लिए कई सरकारी कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और सामुदाय को इन सरकारी पहलुओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं, समुदाय के सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

**<><><><><><><>**